


# मॉडल पाठ्यक्रम

क्यूपी का नाम: मास्टर कारपेंटर

क्यूपी कोड: एफएफएस/क्यू2204

क्यूपी संस्करण:1.0

एनएसक्यूएफ स्तर: 5

मॉडल पाठ्यक्रम संस्करण:1

फर्नीचर एण्ड फिटिंग्स स्किल काउंसिल || फर्नीचर एण्ड फिटिंग्स स्किल काउंसिल (एफएफएससी), 407-408, डीएलएफ सिटी कोर्ट, एमजी रोड, सिकंदरपुर, गुरुग्राम- 122002

# विषय-सूची

प्रशिक्षण के पैरामीटर ........ 3
कार्यक्रम का विवरण (ओवरव्यू) ........ 4
प्रशिक्षण के परिणाम ........ 4
अनिवार्य मॉड्यूल ........ 4
मॉड्यूल 1: विभिन्न आर्किटेक्चरल और इंटीरियर परियोजनाओं का परिचय ........ 8
मॉड्यूल 2: उन्नत कच्चे माल और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर का परिचय ........ 9
मॉड्यूल 3: उन्नत बिजली के औजार, उपकरण और मशीनरी का परिचय ........ 10
मॉड्यूल 4: इंटीरियर उद्योग और रोजगार योग्यता कौशल का संगठनात्मक संदर्भ ........ 11
मॉड्यूल 5: मास्टर कारपेंटर की भूमिका का परिचय ........ 12
मॉड्यूल 6: कार्य के क्षेत्र को परिभाषित करना ........ 13
मॉड्यूल 7: परियोजना एवं उत्पाद की लागत ........ 14
मॉड्यूल 8: संसाधन योजना एवं प्रबंधन ........ 15
मॉड्यूल 9: टीम एवं कार्य प्रबंधन ........ 16
मॉड्यूल 10: वेंडर प्रबंधन ........ 17
मॉड्यूल 11: शिकायत निवारण और प्रदर्शन प्रबंधन ........ 18
मॉड्यूल 12: परियोजना डिजाईन डॉकेट्स और उत्पाद ड्राइंग्स ........ 19
मॉड्यूल 13: कार्यस्थल पर कार्य का पर्यवेक्षण करना ........ 20
मॉड्यूल 14: उत्पादों की फैब्रिकेशन, असेंबली, और सर्फेस की फिनिशिंग करना ........ 21
मॉड्यूल 15: उत्पाद और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर का संस्थापन ........ 22
मॉड्यूल 16: परियोजना पर्यवेक्षण, गुणवत्ता जांच, और सुपुर्दगी करना ........ 23
मॉड्यूल 17: स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल ........ 24
मॉड्यूल 18: सामग्री संरक्षण और संसाधन अनुकूलन ........ 26
मॉड्यूल 19: सहकर्मियों और अन्य लोगों के साथ प्रभावी कार्य करना ........ 27
मॉड्यूल 20: सभी लिंगों और दिव्यांगजनों की ओर संवेदनशीलता ........ 28
मॉड्यूल 21: उद्यमशीलता गतिविधियों की पहचान एवं मूल्यांकन करना ........ 29
मॉड्यूल 22: व्यवसाय के डिजीटल और वित्तीय पहलू ........ 30
मॉड्यूल 23: विश्व कौशल प्रतियोगिता और कौशल के अवसर ........ 31
मॉड्यूल 24: कार्यशाला पर विभिन्न प्रकार के उत्पादों के लिए जॉब पर प्रशिक्षण ........ 32

अनुलग्नक ........ 33
प्रशिक्षक की आवश्यकताए ........ 33
आंकलनकर्ता की आवश्यकताएं ........ 35

आंकलन रणनीति ........ 37
संदर्भ ........ 39
शब्दकोश ........ 39
लघु शब्द एवं संक्षिप्त रूप ........ 40

# प्रशिक्षण के पैरामीटर

| | |
|---|---|
| **क्षेत्र** | फर्नीचर एवं फिटिंग्स |
| **उप-क्षेत्र** | फर्नीचर बिक्री, संस्थापन (इंस्टॉलेशन), और बिक्री के बाद |
| **व्यवसाय** | फर्नीचर संस्थापन (इंस्टॉलेशन) |
| **देश** | भारत |
| **एनएसक्यूएफ स्तर** | 5 |
| **एनसीओ/आईएससीओ/आईएसआईसी कोड के साथ संरेखित** | एनसीओ-2015/7115.0300 |
| **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अनुभव** | 5 वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ आईटीआई/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा (कारपेंटरी में 1 वर्ष)<br>अथवा<br>4 वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ स्नातक<br>अथवा<br>सर्टिफिकेट-एनएसक्यूएफ (स्तर 4- कारपेंटर) 2 वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ |
| **स्कूल में प्रशिक्षण के लिए शिक्षा का न्यूनतम स्तर** | लागू नहीं |
| **पूर्व-आवश्यक लाइसेंस या प्रशिक्षण** | लागू नहीं |
| **जॉब में न्यूनतम प्रवेश आयु** | 18 वर्ष |
| **पिछली बार समीक्षा की गई** | |
| **अगली समीक्षा तिथि** | |
| **एनएसक्यूसी अनुमोदन की तिथि** | |
| **क्यू.पी.संस्करण** | 1.0 |
| **मॉडल पाठ्यक्रम निर्माण तिथि** | |
| **मॉडल पाठ्यक्रम की वैधता की तिथि** | |
| **मॉडल पाठ्यक्रम संस्करण** | 1.0 |
| **कोर्स की न्यूनतम अवधि** | 690(480+210ओजेटी) |
| **कोर्स की अधिकतम अवधि** | 690(480+210ओजेटी) |

# कार्यक्रम विवरण

यह खंड इसकी अवधि के साथ कार्यक्रम के अंतिम उद्देश्यों को सारांशित करता है।

## प्रशिक्षण के परिणाम

कार्यक्रम के अंत में, शिक्षार्थी को सूचीबद्ध ज्ञान और कौशल प्राप्त होगा:

- विभिन्न प्रकार की आर्किटेक्चरल और इंटीरियर परियोजनाओं को परिभाषित करना।
- विभिन्न कच्चे माल और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर को वर्गीकृत और वर्णन करना।
- विभिन्न उन्नत बिजली के औजारों, उपकरणों और मशीनरी का वर्गीकरण और वर्णन करना।
- फर्नीचर उद्योग के संगठनात्मक मानचित्र का वर्णन करना और फर्नीचर और फिटिंग्स संस्थापन (इंस्टॉलेशन) व्यवसाय के महत्व पर प्रकाश डालना।
- मास्टर कारपेंटर की भूमिका के मुख्य परिणाम क्षेत्रों की सूची बनाना।
- विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए कार्य के क्षेत्रों को परिभाषित करना।
- विभिन्न प्रकार के उत्पादों और परियोजनाओं की लागत का अनुमान लगाना।
- परियोजना के लिए आवश्यक स्रोतों का विश्लेषण और अनुमान लगाना।
- विभिन्न कार्यों और टीमों की योजना बनाना, व्यवस्थित करना और प्रबंधित करना।
- विक्रेता प्रबंधन सिद्धांतों का वर्णन करना और परियोजना निष्पादन के दौरान उन्हें लागू करना।
- शिकायत निवारण दिशानिर्देशों का वर्णन करना और प्रदर्शन की समीक्षा करना।
- परियोजना डिज़ाइन डॉकेट्स और उत्पाद ड्राइंग का वर्णन और परीक्षण करना।
- विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए उत्पादों के निर्माण (फैब्रिकेशन) और संयोजन (असेंबली) की तैयारी और समीक्षा करना।
- विभिन्न प्रकार के उत्पादों पर सतह परिष्करण (सरफेस फिनिशिंग) तकनीक लागू करना।
- उत्पाद घटकों (कम्पोनेंट्स) और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर की संस्थापन (इंस्टॉलेशन) करना और उसकी समीक्षा करना।
- परियोजना और टीम पर्यवेक्षण तकनीकों का प्रदर्शन करना।
- समय-समय पर गुणवत्ता जांच और हैंडओवर की योजना बनाना और उसका संचालन करना।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन और उनका अनुपालन सुनिश्चित करना।
- सामग्री संरक्षण और संसाधन अनुकूलन के तरीकों की व्याख्या करना।
- टीम प्लेयर और टीम के रूप में कुशलता से कार्य करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का वर्णन करना और सुनिश्चित करना कि उनका पालन किया जाता है।
- लैंगिक संवेदनशीलता और पीडब्ल्यूडी प्रथाओं के लिए दिशानिर्देशों की सूची बनाना और उनका पालन करना।
- उद्यमिता के तत्वों की व्याख्या करना तथा एक उद्यमी की भूमिका पर प्रकाश डालना।
- व्यवसाय में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के महत्व की व्याख्या करना।
- विश्व कौशल प्रतियोगिताओं की प्रक्रिया और महत्व का वर्णन करना।
- जॉब पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण (फैब्रिकेशन), संयोजन (असेंबली), संस्थापन (इंस्टॉलेशन), एवं फिनिशिंग की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।

## अनिवार्य मॉड्यूल

**क्यूपी के अनिवार्य एनओएस के अनुसार मॉड्यूल एवं उनकी अवधि निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है।**

| एनओएस एवं मॉड्यूल विवरण | थ्योरी की अवधि | प्रेक्टीकल की अवधि | जॉब पर प्रशिक्षण की अवधि (अनिवार्य) | जॉब पर प्रशिक्षण की अवधि (अनुशंसित) | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्रिज मॉड्यूल | **20.00** | **28.00** | **00.00** | **00.00** | **48.00** |
| मॉड्यूल 1: विभिन्न आर्किटेक्चरल और इंटीरियर परियोजना का परिचय | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |
| मॉड्यूल 2: उन्नत कच्ची सामग्री और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर का परिचय | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |
| मॉड्यूल 3: उन्नत बिजली के औजार, उपकरण और मशीनरी का परिचय | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |
| मॉड्यूल 4: इंटीरियर उद्योग और रोजगार कौशल का संगठनात्मक संदर्भ | 04.00 | 04.00 | 00.00 | 00.00 | 08.00 |
| मॉड्यूल 5: मास्टर कारपेंटर की भूमिका का परिचय | 04.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 04.00 |
| एफएफएस/एन2220: विभिन्न परियोजनाओं की स्थल-पर गतिविधियों के लिए उत्पाद लागत और संसाधन योजना में सहायता करना एनओएस संस्करण सं. 1 एनएसक्यूएफ स्तर- 5 | **24.00** | **64.00** | **00.00** | **00.00** | **88.00** |
| मॉड्यूल 6: कार्य के क्षेत्र को परिभाषित करना | 08.00 | 16.00 | 00.00 | 00.00 | 24.00 |
| मॉड्यूल 7: परियोजना और उत्पाद लागत | 08.00 | 36.00 | 00.00 | 00.00 | 44.00 |
| मॉड्यूल 8: संसाधन योजना और प्रबंधन | 08.00 | 12.00 | 00.00 | 00.00 | 20.00 |
| एफएफएस/एन 2221: परियोजनाओं के लिए उचित कार्य आवंटन और टीम प्रबंधन सुनिश्चित करना एनओएस संस्करण सं. 1 एनएसक्यूएफ स्तर-5 | **24.00** | **32.00** | **00.00** | **00.00** | **56.00** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मॉड्यूल 9: टीम और कार्य प्रबंधन | 08.00 | 16.00 | 00.00 | 00.00 | 24.00 |
| मॉड्यूल 10: विक्रेता प्रबंधन | 08.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 16.00 |
| मॉड्यूल 11: शिकायत निवारण और प्रदर्शन प्रबंधन | 08.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 16.00 |
| **एफएफएस/एन2222: विभिन्न परियोजनाओं के लिए फैब्रिकेशन, असेंबली, फिनिशिंग और इंस्टॉलेशन गतिविधियों का प्रदर्शन और समीक्षा करना एनओएस संस्करण सं. 1 एनएसक्यूएफ स्तर- 5** | **28.00** | **136.00** | **00.00** | **00.00** | **164.00** |
| मॉड्यूल 12: परियोजना डिजाइन डॉकेट और उत्पाद ड्राइंग | 08.00 | 20.00 | 00.00 | 00.00 | 28.00 |
| मॉड्यूल 13: स्थल पर कार्य का पर्यवेक्षण करना | 04.00 | 20.00 | 00.00 | 00.00 | 24.00 |
| मॉड्यूल 14: उत्पादों की फैब्रिकेशन, असेंबली, और सरफेस फिनिशिंग | 04.00 | 40.00 | 00.00 | 00.00 | 44.00 |
| मॉड्यूल 15: उत्पाद और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर की स्थापना करना | 04.00 | 32.00 | 00.00 | 00.00 | 36.00 |
| मॉड्यूल 16: परियोजना पर्यवेक्षण, गुणवत्ता जांच, और सुपुर्दगी | 08.00 | 24.00 | 00.00 | 00.00 | 32.00 |
| **एफएफएस/एन8203: कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और हरित प्रथाओं को बनाए रखना एनओएस संस्करण सं. 1 एनएसक्यूएफ स्तर- 4** | **08.00** | **12.00** | **00.00** | **00.00** | **20.00** |
| मॉड्यूल 17: स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल | 04.00 | 04.00 | 00.00 | 00.00 | 08.00 |
| मॉड्यूल 18: सामग्री संरक्षण और संसाधन अनुकूलन | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **एफएफएस/एन8204: लैंगिक और पीडब्ल्यूडी संवेदनशील प्रथाओं के साथ पर्यवेक्षकों और सहकर्मियों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करना एनओएस संस्करण सं.1 एनएसक्यूएफ स्तर- 4** | **08.00** | **16.00** | **00.00** | **00.00** | **24.00** |
| मॉड्यूल 19: सहकर्मियों और अन्य लोगों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करना | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |
| मॉड्यूल 20: सभी लिंगों और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता | 04.00 | 08.00 | 00.00 | 00.00 | 12.00 |
| **एफएफएस/एन8206: उद्यमशीलता और व्यवसाय विकास गतिविधियां करना एनओएस संस्करण सं. 1 एनएसक्यूएफ स्तर-4** | **16.00** | **40.00** | **00.00** | **00.00** | **56.00** |
| मॉड्यूल 21: उद्यमशीलता गतिविधियों की पहचान और मूल्यांकन करना | 08.00 | 20.00 | 00.00 | 00.00 | 28.00 |
| मॉड्यूल 22: एक व्यवसाय के डिजिटल और वित्तीय पहलू | 08.00 | 20.00 | 00.00 | 00.00 | 28.00 |
| **ब्रिज मॉड्यूल** | **08.00** | **16.00** | **00.00** | **00.00** | **24.00** |
| मॉड्यूल 23: विश्व कौशल प्रतियोगिता और कौशल के अवसर | 08.00 | 16.00 | 00.00 | 00.00 | 24.00 |
| **जॉब-पर प्रशिक्षण** | **00.00** | **00.00** | **00.00** | **210.00** | **210.00** |
| मॉड्यूल 24: वर्कशॉप पर विभिन्न प्रकार के उत्पादों के लिए जॉब पर प्रशिक्षण | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 210.00 | 210.00 |
| **कुल अवधि** | **136.00** | **344.00** | **00.00** | **210.00** | **690.00** |

# मॉड्यूल के विवरण

## मॉड्यूल 1: विभिन्न आर्किटेक्चरल और इंटीरियर परियोजनाओं का परिचय

*ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- फर्नीचर उद्योग के कार्यक्षेत्र और महत्व की व्याख्या करना।
- फर्नीचर उद्योग के कामकाज की व्याख्या करना।
- फर्नीचर उद्योग के क्षेत्रों (सेगमेंट्स) का वर्णन करना।
- फर्नीचर एवं फिटिंग्स उद्योग में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • भारतीय और वैश्विक संदर्भ में फर्नीचर और फिटिंग क्षेत्र की प्रासंगिकता पर चर्चा करना।<br>• फर्नीचर और फिटिंग क्षेत्र में शामिल सभी उद्योगों की सूची बनाना।<br>• इंटीरियर डिजाइन और संबद्ध उद्योगों में एक फर्नीचर की भूमिका की व्याख्या करना।<br>• विभिन्न प्रकार के फर्नीचर से संबंधित नए चलन (ट्रेंड) और प्रगति (एडवांसमेंट) पर चर्चा करना।<br>• फर्नीचर बाजार के विकास और अवसरों को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करना।<br>• विभिन्न प्रकार के फर्नीचर के निर्माण (फैब्रिकेशन) में शामिल विभिन्न चरणों और खंडों (सेगमेंट) का वर्णन करना। | • उद्योग में विभिन्न खंडों (सेगमेंट) के आधार पर किसी दिए गए उत्पाद के प्रक्रिया प्रवाह की योजना कैसे बनाएं, का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार परियोजना/थीम आधारित प्रॉप्स | |

# मॉड्यूल 2: उन्नत कच्ची सामग्री और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर का परिचय

*ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- फर्नीचर और फिटिंग क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री के उपयोग पर चर्चा करना।
- कच्ची सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के लिए गुणवत्ता परीक्षण करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।
- विभिन्न प्रकार के उन्नत आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और फिटिंग्स के उपयोग की व्याख्या करना।

| **अवधि**: *04:00* | **अवधि**: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • फर्नीचर के विनिर्माण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री का वर्णन करना।<br>• विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री से जुड़ी संरचनात्मक संपत्ति का वर्णन करना।<br>• कच्ची सामग्री की मजबूती और स्थायित्व की जांच के लिए सभी गुणवत्ता परीक्षणों की सूची बनाना।<br>• विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री से जुड़े विभिन्न आकारों और विशिष्टताओं को बताना।<br>• फर्नीचर विनिर्माण में प्रयुक्त उन्नत आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और फिटिंग्स की विभिन्न श्रेणियों और उनके उपयोग का वर्णन करना।<br>• कच्ची सामग्री और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर से संबंधित नए रुझानों (ट्रेंड) और प्रगति पर चर्चा करना। | • विभिन्न प्रकार की कच्ची सामग्री के बीच अंतर करना।<br>• फर्नीचर विनिर्माण प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उन्नत आर्किटेक्चरल हार्डवेयर का वर्गीकरण करना।<br>• विभिन्न हार्डवेयर और फिटिंग के उपयोग को प्रदर्शित करना।<br>• निर्दिष्ट मानदंडों के आधार पर सामग्री की गुणवत्ता जांच कैसे करें, का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण हेतु वर्कबेंच, मैनुअल टूल्स, इलेक्ट्रिक / पावर टूल्स, हाउसकीपिंग– सामग्री, टूल्स और उपकरण, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स | |

# मॉड्यूल 3: बिजली के उन्नत औजार, उपकरण और मशीनरी का परिचय
## *ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- विभिन्न प्रकार के उन्नत औजारों और उपकरणों के लिए सुरक्षित रूप से परिचालन प्रक्रियाओं का वर्णन करना।
- बिजली के उन्नत औजार, उपकरण और मशीनरी का उपयोग प्रदर्शित करना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • किसी विशेष जॉब, उद्देश्य और कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक विभिन्न उन्नत औजारों, उपकरणों और मशीनों की सूची बनाना।<br>• विभिन्न इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल उत्पादों को संभालने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताना।<br>• औजारों, मशीनों और उपकरणों से संबंधित नए रुझानों (ट्रेंड) और प्रगति पर चर्चा करना।<br>• कार्यस्थल, औजारों और उपकरणों की सफाई की प्रक्रिया को समझाना।<br>• फर्नीचर विनिर्माण प्रक्रिया में आवश्यक विभिन्न फर्नीचर फिक्स्चर और उपकरण (एफएफ एवं ई) की सूची बनाना। | • विनिर्माता के मैनुअल के अनुसार उन्नत औजार, उपकरण और मशीनों का उपयोग कैसे करें, का प्रदर्शन करना।<br>• विभिन्न उन्नत औजारों और उपकरणों तथा उनके उद्देश्य के बीच अंतर करना।<br>• कुशल जॉब कार्य के लिए कार्य क्षेत्र और उपकरण तैयार करने का तरीका प्रदर्शित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण हेतु वर्कबेंच, मैनुअल टूल्स, इलेक्ट्रिक / पावर टूल्स, हाउसकीपिंग– सामग्री, टूल्स और उपकरण, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

## मॉड्यूल 4: इंटीरियर उद्योग और रोजगार कौशल का संगठनात्मक संदर्भ

*ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- एक संगठन संरचना में विभिन्न विभागों की व्याख्या करना।
- प्रभावी संचार के तरीकों और तंत्रों की व्याख्या करना।
- प्रभावी संचार और पारस्परिक कौशल के उपयोग का प्रदर्शन करना।
- डिजिटल रूप से मूलभूत वित्तीय लेनदेन का संचार और प्रदर्शन करना।
- उचित व्यवहार और कार्य नैतिकता का प्रदर्शन करना।
- कार्यस्थल पर कार्य करते समय संगठनात्मक स्वच्छता और साफ-सफाई दिशानिर्देशों पर चर्चा करना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *04:00* |
|---|---|
| थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम | प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम |
| • विभिन्न संगठनात्मक प्रक्रियाओं, आचार संहिता, रिपोर्टिंग मैट्रिक्स और वृद्धि पदानुक्रम के बारे में विस्तार से बताना।<br>• कार्य करने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों की सूची बनाना, जैसे जॉब कार्ड और स्वयं के लिए जांच सूची।<br>• पदानुक्रम में वृद्धि की आवश्यकता के आधार पर समस्याओं को वर्गीकृत करना।<br>• सुचारू वर्कफ़्लो प्राप्त करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ समन्वय और संघर्षों को हल करने के महत्व को बताना।<br>• टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों के महत्व की व्याख्या करना।<br>• प्रभावी संचार और टीम समन्वय के महत्व की व्याख्या करना।<br>• ब्रीफिंग और डीब्रीफिंग के बीच अंतर स्पष्ट करना।<br>• कंप्यूटर, स्मार्टफोन और उनके कामकाज के मूल भागों की व्याख्या करना।<br>• सौंपे गए कार्य में इंटरनेट के महत्व की व्याख्या करना।<br>• विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों: यू ट्यूब, व्हट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर आदि के बीच अंतर करना।<br>• बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया और संबंधित शब्दावलियों का सारांश देना।<br>• उपयुक्त माध्यम का प्रयोग करते हुए वित्तीय लेन-देन में शामिल चरणों की सूची बनाना।<br>• वित्तीय लेनदेन के लिए भुगतान विधियों और गेटवे के महत्व को बताना। | • सहकर्मियों के साथ संवाद करते समय उचित व्यवहार और भाषा का प्रयोग प्रदर्शित करना।<br>• समस्याओं की रिपोर्ट कैसे करें, वृद्धि की आवश्यकता प्रदर्शित करना।<br>• संचार करते समय सक्रिय श्रवण कौशल प्रदर्शित करना।<br>• प्रस्तुत करने के लिए एक नमूना जॉब कार्ड कैसे भरें, इसका प्रदर्शन करना।<br>• एक कंप्यूटर और उसके सहायक उपकरण के कामकाज का प्रदर्शन करना।<br>• एक ईमेल खाते के संचालन की प्रक्रिया का निष्पादन करना।<br>• किसी दिए गए कार्य का विश्लेषण और शोध करने के लिए इंटरनेट के उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों: यू ट्यूब, व्हट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर, आदि को संचालित करने का तरीका प्रदर्शित करना।<br>• बैंक खाता खोलने और प्रबंधित करने का तरीका प्रदर्शित करना।<br>• एक उपयुक्त माध्यम का उपयोग करते हुए एक वित्तीय लेन-देन में शामिल कदमों का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण हेतु जॉब कार्ड का नमूना, वृद्धि मैट्रिक्स का नमूना, संगठन संरचना, परियोजना/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

## मॉड्यूल 5: मास्टर कारपेंटर की भूमिका का परिचय

*ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- मास्टर कारपेंटर की परिभाषित भूमिका और उत्तरदायित्व के अनुसार कार्य कैसे करें, इस पर चर्चा करना।
- मास्टर कारपेंटर की जॉब की भूमिका के लिए कार्यक्षेत्र पर चर्चा करना।

| अवधि: *04.00* | अवधि: *00:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • फर्नीचर और फिटिंग उद्योग के व्यावसायिक मानचित्र का वर्णन करना।<br>• मास्टर कारपेंटर की जॉब की भूमिका के लिए कैरियर की प्रगति के मार्ग का वर्णन करना।<br>• मास्टर कारपेंटर के लिए आवश्यक विशेषताओं और मूलभूत कौशल सेटों का वर्णन करना।<br>• मास्टर कारपेंटर की भूमिका, उत्तरदायित्वों और सीमाओं की व्याख्या करना।<br>• कार्यस्थल पर होने वाले विभिन्न कार्यों/गतिविधियों और उसमें मास्टर कारपेंटर की भूमिका की सूची बनाना।<br>• फर्नीचर और फिटिंग उद्योग में काम करते समय किसी व्यक्ति से संबंधित नियामक प्राधिकरणों, कानूनों और विनियमों पर चर्चा करना।<br>• कर्मचारी के प्रदर्शन मूल्यांकन में जॉब कार्ड के महत्व और पर्यवेक्षकों को समय पर रिपोर्ट करने की व्याख्या करना।<br>• कार्य करने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों की सूची बनाना, जैसे कार्य पत्रक और स्वयं के लिए जांच सूची। | |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| लागू नहीं | |

## मॉड्यूल 6: कार्य के क्षेत्र को परिभाषित करना

*एनओएस/एन2220v1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- परियोजना के कार्यक्षेत्र को परिभाषित करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।
- सौंपी की गई परियोजना के लिए कार्य के क्षेत्र की तैयारी का प्रदर्शन करना।
- विभिन्न आंतरिक और बाह्य हितधारकों से डीलिंग करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।
- ग्राहक की आवश्यकताओं और विशिष्टताओं का विश्लेषण और पहचान करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *16:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • ग्राहक की विशिष्टताओं के आधार पर विवरणों की व्याख्या करने में शामिल विभिन्न पूर्व-आवश्यकताओं पर चर्चा करना।<br>• लकड़ी के विभिन्न कार्यों के आधार पर विभिन्न सामग्रियों, फिटिंग, औजारों और उपकरणों का वर्णन करना।<br>• परियोजना अनुसूची और समयसीमा की योजना बनाने के एसओपी पर चर्चा करना।<br>• कार्यक्षेत्र की तैयारी के दौरान प्रलेखन आवश्यकताओं पर चर्चा करना।<br>• अनुभव, कार्य की प्रकृति, आवश्यक कार्य विवरण आदि के संदर्भ में ग्राहक संपर्क को प्रभावित करने वाले विभिन्न मापदंडों की व्याख्या करना।<br>• ग्राहक के प्रश्नों/शिकायतों के समाधान से जुड़ी संगठनात्मक नीतियों का वर्णन करना।<br>• ग्राहकों और अन्य एजेंसियों के साथ अच्छे कामकाजी संबंध बनाए रखने के महत्व पर चर्चा करना।<br>• ग्राहक के साथ वार्तालाप (इंटरेक्शन) प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न प्रलेखन आवश्यकताओं पर चर्चा करना। | • कार्य उत्पादों पर टीम के सदस्यों के साथ समन्वय करते समय उचित पारस्परिक कौशल लागू करना।<br>• आवश्यक सामग्री, औजार और उपकरण की पहचान करने के लिए उत्पाद विवरण का विश्लेषण करना।<br>• परियोजना कार्यान्वयन योजना तैयार करने का तरीका प्रदर्शित करना।<br>• निर्दिष्ट प्रारूप में दिए गए परियोजना विवरण के लिए आवश्यक दस्तावेज़ीकरण करना।<br>• चर्चा के माध्यम से ग्राहक की आवश्यकताओं का आकलन करना और उनकी आवश्यकताओं को समझना।<br>• ग्राहक के प्रश्नों के लिए शिकायत निवारण प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• उपयुक्त टूल और टेम्प्लेट का उपयोग करके ग्राहक से बातचीत को प्रबंधित करने का तरीका प्रदर्शित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| बजट और लागत अनुमान प्रपत्रों का नमूना | |

## मॉड्यूल 7: परियोजना और उत्पाद लागत

*एनओएस/एन2220v 1.0से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- लागत अनुमान तैयार करते समय विभिन्न सामग्रियों और लॉजिस्टिक्स संबंधी विचारों की व्याख्या करना।
- बजट और लागत अनुमान तैयार करने में शामिल विभिन्न पूर्वापेक्षाओं पर चर्चा करना।
- परियोजना विनिर्देशों के आधार पर लागत और बजट अनुमानों की तैयारी का प्रदर्शन करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *36:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |

| | |
|---|---|
| • बजट तैयार करने और उसका मूल्यांकन करने में शामिल एसओपी पर चर्चा करना।<br>• बजट तैयारी को प्रभावित करने वाले सभी कारकों की सूची बनाना।<br>• बजट के विभिन्न तत्वों पर चर्चा करना और उन्हें प्रक्रिया में शामिल करने के तरीके पर चर्चा करना।<br>• बजट तैयार करने के साथ सभी दस्तावेज़ीकरण अनुपालनों की सूची बनाना।<br>• बजट गणना के लिए आवश्यक विभिन्न लागत शीर्षों में प्रत्येक गतिविधि की ब्रेकिंग (गणना) की प्रक्रिया की व्याख्या करना।<br>• वित्तीय साक्षरता का महत्व बताना। | • लागत अनुमान के लिए ग्राहक की आवश्यकताओं के आधार पर उत्पाद विवरण और विशिष्टताओं की जांच करना।<br>• लागत अनुमान में आवश्यक तत्वों की पहचान करने के लिए उत्पाद विनिर्देशों की व्याख्या करना।<br>• यथार्थवादी बजट तैयार करते समय उपयुक्त टेम्प्लेट और टूल का उपयोग करना।<br>• टीम के सदस्यों को वित्तीय साक्षरता और जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण विधियों को नियोजित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| बजट और लागत अनुमान प्रपत्रों का नमूना | |

## मॉड्यूल 8: संसाधन योजना और प्रबंधन

***एनओएस/एन2220v1.0 से मानचित्रण***

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- भौतिक स्थल सर्वेक्षण और निरीक्षण की योजना बनाने और आयोजित करने में शामिल विभिन्न पूर्व-अपेक्षाओं की व्याख्या करना।
- संभावित स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरों के लिए कार्यस्थल के विश्लेषण की प्रक्रिया पर चर्चा करना।
- भौतिक स्थल सर्वेक्षण और निरीक्षण के दौरान गतिविधियों के उचित निष्पादन के लिए कार्यस्थल की जांच करना।

| **अवधि: *08:00*** | **अवधि: *12.00*** |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |

| | |
|---|---|
| • स्थल के सर्वेक्षण और निरीक्षण के लिए सभी आवश्यक औजारों और उपकरणों की सूची बनाना।<br>• स्थल के सर्वेक्षण और निरीक्षण प्रक्रिया में गणित और ज्यामिति कौशल के उपयोग को परिभाषित करना।<br>• स्थल के सर्वेक्षण और निरीक्षण के लिए सभी आवश्यक औजारों और उपकरणों का उपयोग करने का सही तरीका बताना।<br>• मापन पत्रक तैयार करने और मान्य करने के महत्व को बताना।<br>• फर्नीचर निर्माण (फैब्रिकेशन) और परियोजना योजना को प्रभावित करने वाले कार्यस्थल पर विभिन्न कारकों की सूची बनाना।<br>• स्थल का सर्वेक्षण और निरीक्षण कार्यों के लिए विभिन्न संगठनात्मक नीतियों और आचार संहिताओं की व्याख्या करना। | • स्थल के सर्वेक्षण और निरीक्षण की योजना बनाने और व्यवस्थित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• निर्दिष्ट निर्देशों के आधार पर माप के निष्पादन और गतिविधियों को चिह्नित करने के लिए कार्यस्थल की जांच करना।<br>• मापव पत्र को मान्य करने का तरीका प्रदर्शित करना।<br>• असेंबली और स्थापना आवश्यकताओं को निर्धारित करने के लिए कार्यस्थल का विश्लेषण करना।<br>• स्थल के सर्वेक्षण और निरीक्षण करते समय उपयुक्त संगठनात्मक नीतियों को नियोजित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाइट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए जॉब कार्ड, मापन और अंकन उपकरण, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स | |

## मॉड्यूल 9: टीम और कार्य प्रबंधन

*एनओएस/एन2221v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- कार्य निगरानी योजना में शामिल विभिन्न तत्वों का वर्णन करना।
- परियोजना निष्पादन में प्रभावी कार्य निगरानी योजना के महत्व को बताना।
- कार्यस्थल के लिए संसाधनों के आवंटन को शामिल करते हुए एक कार्य निगरानी योजना तैयार करने का प्रदर्शन करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *16:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |

| | |
|---|---|
| • एक प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन योजना तैयार करने के महत्व को बताना।<br>• संसाधन आवंटन और प्रबंधन प्रणाली में सभी तत्वों (एलीमेंट्स) की सूची बनाना।<br>• कार्य की निगरानी के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण मापदंडों की पहचान कैसे करें, पर चर्चा करना।<br>• उच्च उत्पादकता और गुणवत्ता के लिए प्रभावी टीम प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करना।<br>• कार्यक्रम की समग्र दक्षता में प्रतिक्रिया (फीबैक) तंत्र के महत्व बताना। | • एक प्रभावी कार्य निगरानी योजना तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• सामग्री और संसाधनों को प्रभावी ढंग से सीमांकित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• समय पर कार्य पूरा करने और समन्वय के लिए उपयुक्त कार्य निगरानी तकनीकों को नियोजित करना।<br>• प्रतिक्रिया (फीडबैक), अद्यतन और प्राप्त जानकारी के दस्तावेजीकरण का सही तरीका प्रदर्शित करना।<br>• जॉब कार्य स्थिति की रिपोर्टिंग के लिए प्रबंधन के साथ नियमित बातचीत करना। |

**कक्षा की सहायक सामग्री**

व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक)

**औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं**

आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए परियोजना/थीम आधारित प्रॉप्स।

## मॉड्यूल 10: विक्रेता प्रबंधन

### *एनओएस/एन2221v 1.0से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- विक्रेता प्रबंधन की प्रक्रिया का वर्णन करना।
- विक्रेताओं से प्राप्त कोटेशन, बोलियों के समीक्षा तंत्र पर चर्चा करना।
- कार्यस्थल पर संसाधनों के प्रबंधन की योजना बनाना और उसे निष्पादित करना।
- कार्यस्थल पर संसाधनों को लोड, अनलोड और स्टोर करने के प्रभावी तरीकों का वर्णन करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • खरीद योजना मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की व्याख्या करना।<br>• खरीद योजना में विभिन्न तत्वों जैसे मूल्य, गुणवत्ता, आपूर्ति की विश्वसनीयता आदि के महत्व को बताना।<br>• आवश्यक प्रलेखन अनुपालनों को मैरिनेट करने में शामिल विभिन्न पूर्व-अपेक्षाओं पर चर्चा करना।<br>• विक्रेता प्रबंधन के दौरान सभी वैधानिक और नियामक अनुपालनों की सूची बनाना।<br>• सामग्री संभालने (हैंडलिंग) से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की व्याख्या करना।<br>• सामग्री के बिल के विभिन्न तत्वों (एलिमेंट्स) पर चर्चा करना। | • कार्य की गुणवत्ता और लागत के संदर्भ में खरीद योजना का विश्लेषण करना।<br>• खरीद योजना के चयन और अनुमोदन की प्रक्रिया का विश्लेषण करना।<br>• विक्रेता प्रबंधन के दौरान आवश्यक दस्तावेज तैयार करने और बनाए रखने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• विक्रेता प्रबंधन के दौरान सभी संगठनात्मक नीतियों और दिशानिर्देशों को लागू करना।<br>• एक प्रभावी सामग्री प्रबंधन योजना को डिजाइन करने और योजना बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• परियोजना निष्पादन के दौरान आवश्यक संसाधनों की पहचान के लिए कार्यस्थल का विश्लेषण करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| नमूना खरीद प्रबंधन प्रपत्र | |

## मॉड्यूल 11: शिकायत निवारण और प्रदर्शन प्रबंधन

*एनओएस/एन2221v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- शिकायत निवारण और प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली की तैयारी में शामिल कदमों और पूर्व-आवश्यकताओं की व्याख्या करना।
- प्रभावी शिकायत निवारण और प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली के महत्व को बताना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • शिकायत निवारण तंत्र में संगठनात्मक नीतियों की भूमिका की व्याख्या करना।<br>• एक कुशल और प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र के महत्व को बताना।<br>• शिकायत निवारण प्रणाली में शामिल एसओपी पर चर्चा करना।<br>• एक कर्मचारी की निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में केआरए की भूमिका की व्याख्या करना।<br>• प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली के डिजाइन और कार्यान्वयन में शामिल सभी पूर्व-आवश्यकताओं की सूची बनाना।<br>• प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता को प्रभावित करने वाले कारकों की सूची बनाना।<br>• परियोजना आवश्यकता के आधार पर विभिन्न प्रशिक्षण वितरण विधियों और साधनों पर चर्चा करना। | • शिकायत निवारण तंत्र बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• प्रश्नों, चिंताओं और अनुरोधों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने और हल करने के लिए उपयुक्त तकनीकों और विधियों को नियोजित करना।<br>• एक प्रभावी प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• टीम के सदस्यों को उनकी संबंधित भूमिकाओं में प्रशिक्षित करने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण विधियों को नियोजित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए परियोजना/थीम आधारित प्रोप्स। | |

## मॉड्यूल 12: परियोजना डिजाइन डॉकेट्स और उत्पाद ड्राइंग

### *एनओएस/एन2222v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- उत्पाद विनिर्देशों का विश्लेषण और व्याख्या करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।
- प्रदान किए गए परियोजना विवरणों से डिज़ाइन विनिर्देशों की व्याख्या करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।
- इंजीनियरिंग ड्राइंग से जुड़ी विभिन्न मानक अवधारणाओं और विषयों पर चर्चा करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *20:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • इंजीनियरिंग ड्राइंग और लेआउट के विभिन्न तत्वों (एलिमेंट्स) का वर्णन करना।<br>• एक इंजीनियरिंग ड्राइंग में सभी जीडी एवं टी प्रतीकों और उनके महत्व की सूची बनाना।<br>• विभिन्न लकड़ी के कार्य के संचालन और उनकी प्रक्रिया कार्यान्वयन आवश्यकताओं का वर्णन करना।<br>• उत्पाद डिजाइन से जुड़ी मानक अवधारणाओं की व्याख्या करना।<br>• इंजीनियरिंग ड्राइंग और लेआउट के भंडारण से जुड़ी विभिन्न भंडारण शर्तों को बताना। | • आवश्यक परियोजना विवरण की व्याख्या के लिए लेआउट और इंजीनियरिंग ड्राइंग का विश्लेषण करना।<br>• ड्राइंग में दिखाए गए जीडी एवं टी प्रतीकों की व्याख्या करने की प्रक्रिया प्रदर्शित करना।<br>• उत्पाद विनिर्देशों के आधार पर लकड़ी के कार्य के संचालन की योजना बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• किसी भी बदलाव/संशोधन के लिए उत्पाद के ड्राइंग का विश्लेषण करना और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करना।<br>• उत्पाद ड्राइंग्स के उचित भंडारण और प्रबंधन का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| नमूना इंजीनियरिंग ड्राइंग और लेआउट | |

## मॉड्यूल 13: स्थल पर कार्य का पर्यवेक्षण करना

### *एनओएस/एन2222v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- कार्यस्थल की तैयारी के दौरान संसाधन अनुकूलन के तरीकों की व्याख्या करना।
- सामग्री, औजारों और उपकरणों की उचित व्यवस्था के लिए कार्यस्थल का विश्लेषण करना।
- कार्यस्थल पर काम करते समय वांछित सभी आवश्यकताओं की सूची बनाना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *20:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • कार्यस्थल प्रबंधन के महत्व को बताना।<br>• डिजाइन आवश्यकताओं के आधार पर उपयुक्त सामग्री के चयन की एसओपी का वर्णन करना।<br>• कार्यस्थल पर नामित खण्डों के महत्व का वर्णन करना।<br>• औजारों और उपकरणों के रखरखाव से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की व्याख्या करना।<br>• कार्यस्थल पर सभी आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और उनके महत्व की सूची बनाना।<br>• अलग-अलग फ्लोर और मशीन गार्ड की कार्यप्रणाली और महत्व को समझाना।<br>• उपयुक्त औजारों और उपकरणों का प्रयोग करते हुए हाउसकीपिंग से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की व्याख्या करना। | • कार्यस्थल पर प्रभावी संसाधन प्रबंधन की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• डिजाइन आवश्यकताओं के आधार पर उपयुक्त सामग्री और विशिष्टताओं को नियोजित करना।<br>• निर्दिष्ट खण्डों में सामग्री, औजारों और उपकरण को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• विनिर्माता के निर्देशों के आधार पर औजारों और उपकरणों के सही उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• कार्यस्थल पर सभी व्यक्तियों के लिए उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण व्यवस्थित करना<br>• कार्य करने के दौरान फ्लोर और मशीन गार्ड के लगाने का प्रदर्शन करना।<br>• औजारों और उपकरणों के समय पर रखरखाव और सफाई के लिए उपयुक्त तरीकों और उपकरणों को नियोजित करना।<br>• किसी सुरक्षा खतरे के लिए कार्यस्थल का विश्लेषण करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए वर्कबेंच, मैनुअल टूल्स, इलेक्ट्रिक/पावर टूल्स, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

# मॉड्यूल 14: उत्पादों का निर्माण, संयोजन और सतह की फिनिशिंग

*एनओएस/एन2222v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- विभिन्न लकड़ी के कार्यों (वुडवर्किंग) के परिचालनों से जुड़ी पूर्व-आवश्यकताओं का वर्णन करना।
- उपयुक्त लकड़ी के कार्य (वुडवर्किंग) परिचालनों का उपयोग करके उत्पाद के निर्माण (फैब्रिकेशन) का प्रदर्शन करना।
- उपयुक्त फास्टनरों और चिपकने वाले पदार्थों (एडहेसिव) का उपयोग करके उत्पाद घटकों (कम्पोनेंट्स) की असेंबली प्रदर्शित करना।

| **अवधि**: *04:00* | **अवधि**: *40:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • कार्य गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें व्यवस्थित करने में शामिल चरणों और पूर्व-आवश्यकताओं पर चर्चा करना।<br>• लकड़ी के कार्य (वुडवर्किंग) करने के संचालन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न हाथ और बिजली के उपकरणों के कार्य तंत्र की व्याख्या करना।<br>• असेंबली प्रक्रिया में विभिन्न प्रकार के फास्टनरों और उनके अनुप्रयोग के क्षेत्र पर चर्चा करना।<br>• निर्माण (फैब्रिकेशन) प्रक्रिया से जुड़ी सभी सुरक्षा सावधानियों की सूची बनाना।<br>• उत्पाद को आवश्यक विनिर्देशों में पूरा करने के महत्व को बताना। | • जॉब कार्य आवश्यकताओं की व्याख्या करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• विभिन्न हाथ और बिजली के उपकरणों के सुरक्षित उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• उत्पाद विनिर्देशों के आधार पर उचित लकड़ी के कार्य (वुडवर्किंग) करने के संचालन को नियोजित और योजना बनाना।<br>• सटीक संयुक्त संरचनाओं के लिए असेंबल्ड उत्पाद का विश्लेषण करना।<br>• घटकों की सुरक्षित और सटीक रूप से असेंबली करना।<br>• निर्दिष्ट विनिर्देशों में उत्पाद की सतह की फिनिशिंग की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए वर्कबेंच, मैनुअल टूल्स, इलेक्ट्रिक/पावर टूल्स, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

# मॉड्यूल 15: उत्पाद और आर्किटेक्चरल हार्डवेयर की स्थापना (इंस्टॉलेशन)

## *एनओएस/एन2222v1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- विभिन्न प्रकार के उत्पादों और सहायक सामग्री (एक्सेसरीज) के संयोजन (असेंबली) और संस्थापन (इंस्टॉलेशन) से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की व्याख्या करना।

| **अवधि: *04:00*** | **अवधि: *32:00*** |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • विभिन्न प्रकार के उत्पादों के आधार पर विभिन्न स्थापना प्रक्रियाओं और उपकरणों की सूची बनाना।<br>• फिनिशड उत्पादों की स्थापना में शामिल विभिन्न पूर्व-अपेक्षाओं पर चर्चा करना।<br>• कुशल स्थापना के लिए विभिन्न उन्नत आर्किटेक्चरल हार्डवेयर, उपकरण, फास्टनरों और चिपकने वाले पदार्थों की व्याख्या करना। | • उत्पाद संस्थापन के लिए कार्यस्थल पर अंकन (मार्किंग) और मापन करना।<br>• हार्डवेयर और सहायक उपकरणों (एक्सेसरीज) की स्थापना की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• निर्दिष्ट निर्देशों के आधार पर उत्पाद की स्थापना करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए वर्कबेंच, मैनुअल टूल्स, इलेक्ट्रिक/पावर टूल्स, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

## मॉड्यूल 16: परियोजना पर्यवेक्षण, गुणवत्ता जांच और सुपुर्दगी (हैंडओवर)

*एनओएस/एन2222v1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- उत्पाद विनिर्देशों के आधार पर गुणवत्ता जाँच करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।
- उत्पाद की गुणवत्ता में उत्पाद एर्गोनॉमिक्स (श्रम प्रभाविकी) की भूमिका बताना।

| **अवधि**: *08:00* | **अवधि**: *24:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • गुणवत्ता नियंत्रण योजना के विभिन्न तत्वों (एलिमेंट्स) पर चर्चा करना।<br>• फिनिश्ड उत्पादों और उनके उपचारात्मक कार्यों से जुड़े सभी दोषों और विकृतियों को सूचीबद्ध करना।<br>• विभिन्न प्रकार की सामग्रियों से जुड़े विभिन्न संरचनात्मक गुणों पर चर्चा करना।<br>• आवश्यक विनिर्देशों के लिए तैयार उत्पाद का आकलन करने से जुड़े एसओपी पर चर्चा करना।<br>• परियोजना निष्पादन के विभिन्न चरणों में दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर चर्चा करना। | • गुणवत्ता नियंत्रण योजना तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• गलती सुधार के लिए उपयुक्त तरीके और उपकरण नियोजित करना।<br>• फिनिश्ड फर्नीचर की मजबूती हैंड भार-वहन क्षमता की जांच करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• आवश्यक फिनिश और विशिष्टताओं के लिए तैयार उत्पाद का विश्लेषण करना।<br>• रिकॉर्ड-कीपिंग और पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| लागू नहीं | |

## मॉड्यूल 17: स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल

*एनओएस/एन8203v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण कैसे बनाए रखें, का वर्णन करना।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करना।
- कार्यस्थल पर व्यक्तिगत स्वच्छता प्रथाओं को नियोजित करना।

| अवधि: 04:00 | अवधि: 04:00 |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • संगठनात्मक स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन के महत्व पर चर्चा करना।<br>• विभिन्न प्रकार के सफाई उपभोग्य सामग्रियों और उपकरणों पर चर्चा करना।<br>• सफाई और स्वच्छता प्रथाओं के संबंध में संगठन के मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के पालन के महत्व पर चर्चा करना।<br>• अलग-अलग रंग के कोडित कूड़ेदानों में अंतर करना।<br>• हाउसकीपिंग दस्तावेजों को बनाए रखने के महत्व को समझाना।<br>• जॉब की भूमिका और उनके आवेदन के लिए आवश्यक उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण को लेबल करना।<br>• कार्य नैतिकता, ड्रेस कोड और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर चर्चा करना।<br>• आपातकालीन औजारों और उपकरणों के उपयोग के लिए परिचालन संबंधी दिशा-निर्देशों की व्याख्या करना।<br>• आग लगने के विभिन्न कारणों और उससे जुड़ी सुरक्षा प्रक्रियाओं की सूची बनाना।<br>• प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के अग्निशामकों तथा अग्निशमन यंत्रों का वर्णन करना।<br>• आपातकालीन स्थिति से निपटने में शामिल कदमों की व्याख्या करना।<br>• आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की विधियों का वर्णन करना।<br>• हाथ के संकेतों (हैंड सिग्नल) के प्रकार, साइनेज और उनके उपयोग का वर्णन करना।<br>• खतरनाक पदार्थों से जुड़े विभिन्न भंडारण और रखरखाव की प्रक्रिया पर चर्चा करना।<br>• औज़ारों और उपकरणों की आवधिक सफाई से जुड़े लाभों का उल्लेख करना।<br>• सुरक्षित उठाने के अभ्यासों और सही शारीरिक मुद्रा के महत्व को बताना। | • विभिन्न प्रकार के सफाई उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों का वर्णन करना।<br>• उपयुक्त प्राधिकारी को किसी भी विचलन की रिपोर्ट करने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया को नियोजित करना।<br>• स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुरक्षा नीतियों में संभावित उल्लंघनों की पहचान प्रदर्शित करना।<br>• विभिन्न प्रकार के कचरे के आधार पर विभिन्न निपटान तकनीकों का प्रदर्शन करना।<br>• रिकॉर्ड-कीपिंग और पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे गॉगल्स, दस्ताने, इयरप्लग, जूते आदि का उपयोग प्रदर्शित करना।<br>• सैनिटाइज करने और हाथ धोने का सही तरीका प्रदर्शित करना।<br>• आपातकालीन औजारों और उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• संगठनात्मक प्रोटोकॉल के अनुरूप आपातकालीन निकासी प्रक्रिया को चित्रित करना।<br>• आग लगने की स्थिति में प्रभावी निवारक उपायों को लागू करना।<br>• अग्निशामक यंत्र जैसे उपकरणों का सुरक्षित उपयोग कैसे करें, इसका प्रदर्शन करना।<br>• आग, शॉर्ट सर्किट, दुर्घटना, भूकंप आदि जैसी आपातकालीन स्थितियों के लिए एक आकस्मिक योजना तैयार करना।<br>• नियमित संचालन के हिस्से के रूप में प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर और सुरक्षा निकासी प्रक्रिया का उपयोग प्रदर्शित करना।<br>• सुरक्षा चिह्नों (सेफ्टी साईन) और हस्त संकेतों (हैंडसिग्नल) के दिए गए सचित्र निरूपणों की पहचान करना और उनकी व्याख्या करना।<br>• कार्यस्थल पर कार्य करने और खतरनाक सामग्रियों को संभालने के दौरान सही तकनीकों का प्रदर्शन करना।<br>• उपयुक्त उपकरणों का उपयोग करते हुए हाउसकीपिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |

| |
|---|
| आवश्यकतानुसार अनुकरण के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, हाउसकीपिंग- सामग्री, उपकरण और उपकरण, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। |

## मॉड्यूल 18: सामग्री संरक्षण और संसाधनों का अनुकूलन

*एनओएस/एन8203v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- सुरक्षा प्रथाओं को लागू करना और संसाधनों के उपयोग का अनुकूलन करना।
- कार्यस्थल पर संरक्षण प्रथाओं को लागू करना।
- ऊर्जा दक्षता और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कार्यस्थल पर संधारणीय प्रथाओं का वर्णन करना।

| अवधि: 04:00 | अवधि: 08:00 |
|---|---|
| **थ्योरी –सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल –सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • सामग्री के कुशल उपयोग और संरक्षण के महत्व की व्याख्या करना।<br>• ऊर्जा के नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय स्रोतों में अंतर बताना।<br>• ऊर्जा बचाने के विभिन्न तरीकों की व्याख्या करना।<br>• पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य कचरे के बीच अंतर करना।<br>• विद्युत उपकरणों के प्रभावी उपयोग के महत्व की व्याख्या करना। | • संसाधनों के प्रभावी उपयोग की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन करना।<br>• सामग्री और जल के कुशल उपयोग के लिए तरीके उपयोग करना।<br>• ऊर्जा उपयोग डेटा एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने की प्रक्रिया का वर्णन करना।<br>• प्रक्रिया में उपयुक्त ऊर्जा कुशल प्रथाओं को नियोजित करना।<br>• संचित अपशिष्ट से विभिन्न पुन: प्रयोज्य सामग्रियों को छाँटना।<br>• पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट के पृथक्करण का अभ्यास करना।<br>• ऊर्जा संसाधन उपयोग अनुकूलन और संरक्षण के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| आवश्यकतानुसार अनुकरण करने के लिए हाउसकीपिंग- सामग्री, औजार और उपकरण, प्रोजेक्ट/थीम आधारित प्रॉप्स। | |

## मॉड्यूल19: सहकर्मियों और अन्य लोगों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करना

*एनओएस/एन8204v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- प्रभावी संचार के तरीकों और तंत्रों की व्याख्या करना।
- प्रभावी संचार और पारस्परिक कौशल के उपयोग का प्रदर्शन करना।
- कार्यस्थल पर प्रभावी सहयोग के महत्व की व्याख्या करना।
- सहकर्मियों, पर्यवेक्षकों और अन्य लोगों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने और कार्य करने का तरीका प्रदर्शित करना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • उपयुक्त प्राधिकारी से सहायता प्राप्त करने की आवश्यकता पर चर्चा करना।<br>• कार्य निर्देश प्राप्त करने और पर्यवेक्षक को मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए रिपोर्टिंग संरचना की रूपरेखा तैयार करना।<br>• प्रभावी निर्णय लेने की प्रक्रिया को समझना।<br>• उत्पादकता और कार्य की गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उल्लेख करना।<br>• उपयुक्त वृद्धि मैट्रिक्स और प्रक्रिया का उपयोग करते हुए शिकायत निवारण में शामिल चरणों की व्याख्या करना।<br>• कार्य के दस्तावेजीकरण के विशिष्ट तरीकों पर और पर्यवेक्षक को इसकी रिपोर्ट कैसे करें, की चर्चा करना।<br>• सुचारू कार्यप्रवाह प्राप्त करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ समन्वय और संघर्षों को हल करने के महत्व को बताना।<br>• प्रभावी संचार प्रक्रिया और विधियों की व्याख्या करना।<br>• सहकर्मियों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने के तरीकों की रूपरेखा तैयार करना।<br>• कार्य नैतिकता, कार्यस्थल शिष्टाचार के साथ-साथ मानकों और दिशानिर्देशों को बताना।<br>• संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार सहकर्मियों को सूचना प्रदान करने के विभिन्न तरीकों की चर्चा करना।<br>• टीम के बीच संघर्षों को हल करने मुख्य पहल की व्याख्या करना।<br>• संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को संरेखित करने के महत्व की व्याख्या करना। | • प्रभावी समय प्रबंधन सिद्धांतों को लागू करना।<br>• उपयुक्त प्राधिकारी को किसी भी विचलन की रिपोर्ट करने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया को नियोजित करना।<br>• कार्यस्थल पर संघर्षों को हल करने के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन करना।<br>• आवश्यकता और आवश्यकता के अनुसार संचार के विभिन्न साधनों का उपयोग करना।<br>• पर्यवेक्षक या सहकर्मियों के साथ व्यवहार करते समय उचित व्यवहार प्रदर्शित करना।<br>• सहकर्मियों के मुद्दों को हल करने के विभिन्न तरीकों का वर्णन करना।<br>• पारस्परिक संघर्षों को हल करने के लिए विभिन्न तरीकों को उपयोग करना।<br>• परियोजना आवश्यकताओं के आधार पर कार्य के प्रबंधन और प्राथमिकता के उपयुक्त तरीके प्रदर्शित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| लागू नहीं | |

# मॉड्यूल 20: सभी लिंगों और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता

*एनओएस/ एन8204v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- दिव्यांगजनों के लिए लैंगिक समानता बनाए रखने और समावेशिता बढ़ाने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को लागू करना।
- कार्यस्थल पर सभी लिंगों और संस्कृतियों का सम्मान करने का तरीका प्रदर्शित करना।
- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) नियमों का वर्णन करना।

| अवधि: 04:00 | अवधि: 08:00 |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और पीडब्ल्यूडी संवेदनशीलता दिशानिर्देशों को बढ़ावा देने, साझा करने और लागू करने के महत्व पर चर्चा करना।<br>• लैंगिक संवेदनशील व्यवहार के महत्व की व्याख्या करना।<br>• इक्विटी के महत्व और दूसरों की संस्कृतियों, धर्म और जाति का सम्मान करने की व्याख्या करना।<br>• लिंग के बावजूद समान अवसर कार्य संस्कृति के महत्व का वर्णन करना।<br>• कार्यस्थल में महिला समानता को प्रोत्साहित करने के विभिन्न तरीकों की व्याख्या करना।<br>• अनुचित व्यवहार जैसे यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।<br>• सक्रिय श्रवण के प्रमुख तत्वों की व्याख्या करना।<br>• दिव्यांगजनों के साथ संवाद करते समय सबसे प्रभावी संचार शैली और व्यवहार का वर्णन करना।<br>• कार्यस्थल में दिव्यांगजनों को बढ़ावा देने और सम्मान करने के महत्व की व्याख्या करना।<br>• दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता को समझाना।<br>• कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम द्वारा निर्धारित नियमों और उल्लंघन के लिए प्रदान किए गए दंड पर चर्चा करना।<br>• कानूनी फ्रेमवर्क के अनुपालन में दिव्यांगजनों के साथ संचार और सहयोग के सही तरीकों की व्याख्या करना। | • पीडब्ल्यूडी वाले संगठन में लैंगिक समावेशिता, पीडब्ल्यूडी, पीओएसएच पर मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूप आदर्श व्यवहार प्रदर्शित करना।<br>• लिंग/दिव्यांगजन पर ध्यान दिए बिना समावेशी भाषा का प्रयोग करना।<br>• कार्यस्थल पर जेंडर न्यूट्रल (लिंग तटस्थ) अभ्यास का उपयोग करना।<br>• उपयुक्त प्राधिकारी को किसी भी उत्पीड़न या भेदभाव की रिपोर्ट करने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया का प्रयोग करना।<br>• उचित मौखिक और गैर-मौखिक संचार का प्रदर्शन करना जो लिंग, धर्म, अक्षमता आदि का सम्मान करता हो।<br>• कार्यस्थल पर पीडब्ल्यूडी का समर्थन करने के लिए पहुंच मानदंडों और प्रक्रियाओं के लिए कानूनी आवश्यकताओं और मानकों का अभ्यास करना।<br>• दिव्यांगजनों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, का प्रदर्शन करना।<br>• लैंगिक समावेशिता और पीडब्ल्यूडी संवेदनशीलता के अनुरूप आवश्यक संचार विधियों का प्रदर्शन करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| लागू नहीं | |

## मॉड्यूल 21: उद्यमशीलता गतिविधियों की पहचान और आकलन करना

*एनओएस/एन8206v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- बाजार अनुसंधान और विश्लेषण करने के तरीकों की व्याख्या करना।
- प्रतियोगिता विश्लेषण के सिद्धांतों की व्याख्या करना।
- व्यवसाय और संसाधन योजना तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।
- उद्यमशीलता गतिविधि को पूरा करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और ज्ञान की पहचान करना।

| अवधि: *08:00* | अवधि: *20:00* |
|---|---|
| थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम | प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम |
| • बिक्री की मात्रा, अनुमानित विकास दर, आदि जैसे बाजार निर्धारकों की जानकारी के साथ मिलकर अनुसंधान करने की प्रक्रिया की व्याख्या करना।<br>• बाजार की प्रवृत्ति (ट्रेंड), बाजार की जरूरतों, अवसरों को समझने के लिए बाजार का सर्वेक्षण करने का तरीका बताना।<br>• उद्यमिता के अवसरों की पहचान और विश्लेषण के लिए कदमों की सूची बनाना।<br>• क्षेत्र में उद्यमिता से संबंधित विभिन्न संगठन और सरकारी योजनाओं और नीतियों की व्याख्या करना।<br>• सरकार के संरचनात्मक सुधारों और फ्रेमवर्क के अनुपालन के महत्व को बताना।<br>• प्रतियोगिता विश्लेषण की अवधारणा को समझाना।<br>• व्यावसायिक जोखिमों को कम करने के लिए आवश्यक कदमों की वर्णन करना।<br>• संसाधन योजना से जुड़ी अवधारणा और शब्दावली की व्याख्या करना।<br>• कुशल उद्यमी की आवश्यकताएँ जैसे व्यवसाय शुरू करने की क्षमता, व्यवसाय विकसित करना, संगठन का प्रबंधन करना, समय का प्रबंधन करना आदि करना बताना।<br>• आवश्यक कौशल सेट के टीम के सदस्यों के साथ प्रभावी सहयोग के महत्व को बताना। | • प्रतियोगियों, ग्राहकों, बाजार की आवश्यकताओं, वर्तमान बाजार की स्थिति आदि के आधार पर बाजार की मांगों की समीक्षा करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• संभावित व्यवसाय के अवसरों का आकलन करने के लिए प्रतियोगिता विश्लेषण के सिद्धांतों को लागू करना।<br>• उद्यमशीलता की गतिविधि करते समय उपयुक्त संगठनात्मक और सरकारी नीतियों को नियोजित करना।<br>• प्रतियोगिता विश्लेषण के उपयुक्त सिद्धांतों का उपयोग करते हुए बाजार की स्थिति का विश्लेषण करना।<br>• एक व्यावसायिक अवसर के लिए जोखिम मूल्यांकन की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• संसाधन योजना और बजट तैयार करने के लिए उपयुक्त उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• आवश्यक कौशल सेट वाले कर्मियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने के लिए जॉब कार्य का विश्लेषण करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| 5 सफल और 5 असफल स्टार्ट-अप के केस स्टडी नमूने, नमूना व्यवसाय और संसाधन योजना | |

## मॉड्यूल 22: डिजिटल और वित्तीय पहलू सोफा बिजनेस

*एनओएस/एन8206v 1.0 से मानचित्रण*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- एक व्यवसाय की ई-मार्केटिंग में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग को प्रदर्शित करना।
- मूल्य निर्धारण रणनीति नियत करने में बाजार की स्थिति और व्यावसायिक प्रतियोगिता की भूमिका का वर्णन करना।
- उद्यमिता गतिविधि से संबंधित विभिन्न वित्तीय पहलुओं की व्याख्या करना।

| अवधि: 08:00 | अवधि: 20:00 |
|---|---|
| **थ्योरी –सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल –सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआर/वीआर आदि से संबंधित विभिन्न शब्दावली पर चर्चा करना।<br>• ई-मार्केटिंग की अवधारणा और व्यवसाय वृद्धि में इसके प्रभाव का वर्णन करना।<br>• विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बीच अंतर करना।<br>• परियोजना लागत निर्धारण और नियोजन को प्रभावित करने वाले सभी कारकों की सूची बनाना।<br>• मजबूती, संभावन, क्षमता, बाजार की मांग, लाभप्रदता, व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर सही उत्पाद मूल्य निर्धारण रणनीति का चयन कैसे करें, बताना।<br>• व्यवसाय योजना के तत्वों का वर्णन करना।<br>• परिवार, मित्रों तथा वित्तीय संस्थाओं से धन प्राप्त करने की विधि बताना। | • परियोजना कार्यान्वयन और प्रोत्साहन के लिए उपयुक्त तकनीकों को नियोजित करना।<br>• उत्पाद/सेवा की प्रकृति के आधार पर व्यवसाय वृद्धि के लिए विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का विश्लेषण करना।<br>• विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन करना।<br>• एक परियोजना में लागत को कम करने और लाभ को अधिकतम करने के लिए उपयुक्त उपाय करना।<br>• बाजार की स्थिति और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के आधार पर मूल्य निर्धारण की रणनीति तय करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।<br>• एक प्रभावी व्यवसाय योजना तैयार करने का तरीका प्रदर्शित करना।<br>• एक इकाई प्रारंभ करने के लिए वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता के लिए उपयुक्त तरीकों को नियोजित करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| लागू नहीं | |

## मॉड्यूल 23: विश्व कौशल प्रतियोगिता और कौशल के अवसर
*ब्रिज मॉड्यूल*

**टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम:**

- विश्व कौशल प्रतियोगिता के महत्व और कार्यक्षेत्र की व्याख्या करना।
- कौशल प्रतियोगिता में उम्मीदवारों और अधिकारियों से जुड़ी करियर की संभावनाओं पर चर्चा करना।
- विश्व कौशल प्रतियोगिता दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रदान की गई परीक्षण परियोजनाओं के अंकन और मूल्यांकन का प्रदर्शन करना।

| अवधि: *04:00* | अवधि: *08:00* |
|---|---|
| **थ्योरी – सीखने के प्रमुख परिणाम** | **प्रेक्टीकल – सीखने के प्रमुख परिणाम** |
| • विश्व कौशल संगठन का महत्व बताना।<br>• विश्व कौशल प्रतियोगिता के अनुसार क्षेत्रों और व्यवसायों की विभिन्न श्रेणियों की चर्चा करना।<br>• कारपेंटरी, कैबिनेट मेकिंग और जॉइनरी ट्रेडों के बीच अंतर और समानताएं बताना।<br>• विश्व कौशल और भारत की कौशल प्रतियोगिता में जूरी, कार्यशाला प्रबंधक और क्षेत्र विशेषज्ञ के लिए चयन मानदंड का वर्णन करना।<br>• कौशल प्रतियोगिता में जूरी, कार्यशाला प्रबंधक और क्षेत्र विशेषज्ञ की भूमिका का वर्णन करना।<br>• कौशल प्रतियोगिताओं में उपयोग की जाने वाली अंकन और मूल्यांकन तकनीकों पर चर्चा करना।<br>• उम्मीदवारों और अधिकारियों के लिए विश्व कौशल और भारत की कौशल प्रतियोगिता से जुड़े कैरियर की संभावनाओं पर चर्चा करना। | • कौशल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए कार्य क्षेत्र की स्थापना की प्रक्रिया का प्रदर्शन।<br>• कौशल प्रतियोगिता के लिए दिए गए टेस्ट प्रोजेक्ट के वर्कफ़्लो का विश्लेषण और तैयार करना।<br>• उत्पाद विनिर्देश आवश्यकताओं के आधार पर उपलब्ध कच्ची सामग्री, औजारों और उपकरणों की जांच करना।<br>• निर्दिष्ट प्रारूप के आधार पर दिए गए परीक्षण प्रोजेक्ट के अंकन का प्रदर्शन करना।<br>• मूल्यांकन दिशानिर्देशों के आधार पर गुणवत्ता जाँच के लिए प्रदान की गई परीक्षण परियोजना का विश्लेषण करना।<br>• सुधार के सुझावात्मक उपायों के साथ परियोजना की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना। |
| **कक्षा की सहायक सामग्री** | |
| व्हाईट बोर्ड, बोर्ड मार्कर, डस्टर, प्रोजक्टर, टेबलेट, कुर्सियां, मेज, स्मार्ट बोर्ड (वैकल्पिक) | |
| **औजार, उपकरण और अन्य आवश्यकताएं** | |
| वर्कबेंच, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, मापन और अंकन उपकरण, मैनुअल औजार, इलेक्ट्रिक / पावर टूल्स, हाउसकीपिंग-सामग्री, औजार और उपकरण, थीम आधारित प्रॉप्स | |

# मॉड्यूल 24: कार्यशाला पर विभिन्न प्रकार के उत्पादों के लिए जॉब पर प्रशिक्षण

*एफएफएस/क्यू2204v1.0 से मानचित्रण*

| अनिवार्य अवधि: *210:00* | अनुशंसित अवधि: *00.00* |
|---|---|
| **मॉड्यूल का नाम: जॉब पर प्रशिक्षण**<br>**लोकेशन: कार्यस्थल पर** | |

टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम

- प्रदान किए गए परियोजना विवरण के लिए लागत अनुमान तैयार करना।
- कार्यस्थल पर कार्य समन्वय के लिए विक्रेता प्रबंधन कौशल प्रदर्शित करना।
- विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले निर्माण उपकरणों की एक सूची बनाना।
- निर्माण (फैब्रिकेशन) उद्देश्यों के लिए प्रदान किए गए उत्पाद के विभिन्न घटकों की पहचान करना।
- प्रदान किए गए उत्पाद विवरण के लिए एक कटिंग सूची तैयार करना।
- मापन और अंकन गतिविधियां निष्पादित करना और उसी का सत्यापन प्रदान करना।
- एक विनिर्माण संयंत्र में सामग्री, औजार और उपकरण के प्रबंधन के प्रभावी तरीके प्रदर्शित करना।
- विभिन्न उत्पाद विशिष्टताओं के आधार पर कच्ची सामग्री माल पर प्री-प्रोसेसिंग करना।
- उत्पाद के डिजाइन विनिर्देशों के आधार पर सामग्री को काटने, धार बैंडिंग, ट्रिमिंग, ड्रिलिंग, चिपकाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना।
- प्रदान गए उत्पादों के लिए फैब्रिकेशन, असेंबली, इंस्टालेशन और फिनिशिंग परिचालन करना।
- विभिन्न आर्किटेक्चरल हार्डवेयर, फिटिंग और सहायक उपकरण के लिए असेंबली और फिटिंग का प्रदर्शन करना।
- विभिन्न हस्त औजारों (हैंड टूल्स) और मशीनों का उपयोग करने का तरीका प्रदर्शित करना।
- विभिन्न भारी प्रकार की मशीनरी का उपयोग कैसे करें, का प्रदर्शन करना।
- निर्माण प्रक्रिया के दौरान, रखरखाव, अंशांकन, परीक्षण, क्यूसी निरीक्षण, दोषों का सुधार इत्यादि जैसे विभिन्न गुणवत्ता-संबंधित कार्यों का प्रदर्शन करना।
- विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण के दौरान विभिन्न सुरक्षा-संबंधी प्रथाओं का प्रदर्शन करना।
- विनिर्माण संयंत्र पर एक सुरक्षित और सुरक्षित वातावरण बनाए रखना।
- संगठनात्मक, पर्यावरण संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन बनाए रखना।
- जॉब कार्य की जानकारी के लिए पर्यवेक्षकों और सहकर्मियों के साथ समन्वय करना।
- पर्यवेक्षक और ग्राहकों के साथ काम करते हुए प्रभावी संचार कौशल का उपयोग करना।
- लकड़ी और पैनलों के साथ धातु, पत्थर, कांच, जड़ाई आदि के एकीकरण का प्रदर्शन करना।
- उत्पाद निर्माण के दौरान दोष की पहचान और सुधार के लिए उपयुक्त तरीके अपनाना।
- संगठनात्मक नीतियों के आधार पर सहकर्मियों और ग्राहकों से प्रश्नों और शिकायतों का शिकायत निवारण प्रदर्शित करना।

## अनुलग्नक
## ट्रेनर (प्रशिक्षक) की आवश्यकताएं

<table>
<tr><th colspan="7">ट्रेनर (प्रशिक्षक) की पूर्वापेक्षाएं-5 विकल्पों में से कोई एक</th></tr>
<tr><th rowspan="2">न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता</th><th rowspan="2">विशेषज्ञता</th><th colspan="2">प्रासंगिक इंडस्ट्री अनुभव</th><th colspan="2">प्रशिक्षण अनुभव</th><th rowspan="2">टिप्पणियां</th></tr>
<tr><th>वर्ष</th><th>विशेषज्ञता</th><th>वर्ष</th><th>विशेषज्ञता</th></tr>
<tr><td>स्नातक</td><td>इंजीनियरिंग (सिविल, मकेनिकल), आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाईन, फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग, वुड वर्क, प्रोडक्ट डिजाइन</td><td>9</td><td>फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर</td><td>1</td><td>अधिमान्य – वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण</td><td></td></tr>
<tr><td>स्नातक</td><td>उक्त अंतर्निहित के अलावा कोई अन्य शिक्षण</td><td>10</td><td>फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर</td><td>1</td><td>अधिमान्य – वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण</td><td>अधिमान्य- फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल</td></tr>
<tr><td>आईटीआई/ डिप्लोमा</td><td>कारपेंटरी, फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग</td><td>9</td><td>फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर</td><td>1</td><td>अधिमान्य – वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण</td><td>अधिमान्य- फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल</td></tr>
<tr><td>प्रमाणपत्र – एनएसक्यूएफ</td><td>एनएसक्यूएफ स्तर 5 मास्टर कारपेंटर (एफएफएस/क्यू02204) अथवा उक्त</td><td>9</td><td>फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर</td><td>1</td><td>अधिमान्य – वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण</td><td>वांछित- नियोक्ता से कार्य अनुभव एवं अनुशंसा पत्र, कंपनियों से प्रशिक्षण प्रमाणपत्र। अधिमान्य-फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल</td></tr>
<tr><th colspan="7">ट्रेनर (प्रशिक्षक) प्रमाणन</th></tr>
<tr><th colspan="5">डोमेन प्रमाणन</th><th colspan="2">प्लेटफार्म प्रमाणन</th></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| *क्यूपीः "एफएफएस/क्यू02204, v1.0" स्तर 5 से मानचित्रित जॉब भूमिकाः "मास्टर कारपेंटर" के लिए प्रमाणित*<br><br>*एफएफएससी दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनतम स्वीकार्य अंक 80% होंगे।* | अनुशंसा है कि ट्रेनर (प्रशिक्षक) योग्यता पैकः"*एमईपी/क्यू2601, v1.0" से मानचित्रित जॉब भूमिकाः "ट्रेनर (प्रशिक्षक)" के लिए प्रमाणित है।*<br><br>*न्यूनतम स्वीकार्य सकल प्राप्तांक 80% होंगे।* |

# असेसर (आंकलनकर्ता) की आवश्यकताएं

| असेसर (आंकलनकर्ता) की पूर्वापेक्षाएं-5 विकल्पों में से कोई एक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** | **विशेषज्ञता** | **प्रासंगिक इंडस्ट्री अनुभव** | | **प्रशिक्षण/मूल्यांकन अनुभव** | | **टिप्पणियां** |
| | | ***वर्ष*** | ***विशेषज्ञता*** | ***वर्ष*** | ***विशेषज्ञता*** | |
| **स्नातक** | इंजीनियरिंग (सिविल, मकेनिकल), आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाईन, फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग, वुड वर्क, प्रोडक्ट डिजाइन | 9 | फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर | 1 | अधिमान्य - वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण | |
| **स्नातक** | उक्त अंतर्निहित के अलावा कोई अन्य शिक्षण | 10 | फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर | 1 | अधिमान्य - वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण | अधिमान्य - फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल |
| **आईटी आई / डिप्लोमा** | कारपेंटरी, फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग | 9 | फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर | 1 | अधिमान्य - वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण | अधिमान्य - फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल. |
| **प्रमाणपत्र - एनएस क्यूएफ** | एनएसक्यूएफ स्तर 5 मास्टर कारपेंटर (एफएफएस/क्यू0204) अथवा उक्त | 9 | फर्नीचर मैन्यूफैक्चरिंग/ फर्नीचर डिजाइन / फर्नीचर स्थापना / कारपेंटरी / इंटीरियर डिजाइन / आर्किटेक्चर | 1 | अधिमान्य - वोकेशनल अथवा अकादमिक प्रशिक्षण | वांछित- नियोक्ता से कार्य अनुभव एवं अनुशंसा पत्र, कंपनियों से प्रशिक्षण प्रमाणपत्र। अधिमान्य - फर्नीचर अथवा इंटीरियर डिजाईन सेक्टर (सॉफ्टवेयर जैसे ऑटो कैड, आदि) में विशेषज्ञता से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणन, संचार कौशल |

| असेसर (आंकलनकर्ता) प्रमाणन | |
|---|---|
| डोमेन प्रमाणन | प्लेटफार्म प्रमाणन |
| *क्यूपी: "एफएफएस/क्यू0204, v1.0" स्तर5 से मानचित्रित जॉब भूमिका: "मास्टर कारपेंटर" के लिए प्रमाणित है* | *अनुशंसा है कि असेसर (आंकलनकर्ता) योग्यता पैक: "एमईपी/क्यू2701, v1.0" से मानचित्रित जॉब भूमिका: "असेसर (आंकलनकर्ता)" के लिए प्रमाणित है।* |

| | |
|---|---|
| *एफएफएससी दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनतम स्वीकार्य अंक 80% होंगे।* | *न्यूनतम स्वीकार्य सकल प्राप्तांक* **80%** *होंगे।* |

## मूल्यांकन रणनीति

इस अनुभाग में कार्यक्रम की आवश्यक दक्षताओं पर शिक्षार्थी का मूल्यांकन करने के लिए जानकारी की पहचान करने, एकत्र करने और व्याख्या करने वाली प्रक्रियाएं शामिल हैं।

एफएफएससी में, हम मानते हैं कि एक उम्मीदवार के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए मूल्यांकन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। इसलिए हमने विभिन्न चरणों में उम्मीदवार की समग्र प्रगति पर नज़र रखने के लिए एक बहु-स्तरीय प्रक्रिया तैयार की है। जबकि कुछ तकनीकों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आत्मसात किया जाता है, अन्य परीक्षण के स्पष्ट तरीके हैं। जो निम्नलिखित है:

1. आंतरिक (अधिमानित)
   a. ट्रेनर लीड मूल्यांकन
   b. मास्टर ट्रेनर/प्रोग्राम मेंटर लीड मूल्यांकन
2. बाहरी
   a. मूल्यांकन भागीदार/फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता) (अनिवार्य)
   b. इंडस्ट्री (अधिमानित)

1. **आंतरिक** (**अधिमानित)**

**क. ट्रेनर लीड मूल्यांकन**:

प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कार्यक्रम के भाग के तौर पर, विभिन्न परीक्षाएं और परियोजनाएं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उम्मीदवार की प्रगति को मापने के लिए नियमित अंतरालों पर परिकल्पित की गई हैं। इसमें थ्योरी एवं प्रेक्टीकल, व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियां शामिल हैं।

ट्रेनर (प्रशिक्षक) यह मूल्यांकन करने में टीओटी कार्यक्रमों के अधीन निर्दिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसकी एक रिपोर्ट को नामित मास्टर ट्रेनर/कार्यक्रम मेंटर को प्रस्तुत की जाएगी।

**ख.मास्टर ट्रेनर/कार्यक्रम मेंटर लीड मूल्यांकन**:

प्रत्येक प्रशिक्षक/बैच को एक मास्टर ट्रेनर/कार्यक्रम मेंटर से जोड़ा जाना चाहिए, जो बैच की प्रगति की जांच करेगा। ट्रेनर मास्टर ट्रेनर/कार्यक्रम मेंटर से प्रशिक्षण प्रधान करने या समय-समय पर मूल्यांकन करने के संबंध में परामर्श प्राप्त कर सकते हैं ।

मास्टर ट्रेनर/कार्यक्रम मेंटर उपयुक्त और व्यवहार्य समझे जाने वाले साधनों का उपयोग करते हुए, उम्मीदवारों की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए स्वयं का सत्र आयोजित कर सकते हैं।

**2. बाहरी**

**क. मूल्यांकन भागीदार/फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता)**:

मूल्यांकन भागीदारों द्वारा बाहरी मूल्यांकन अनिवार्य तौर पर टीओआर प्रमाणित असेसर (आंकलनकर्ता) अथवा टीओए प्रमाणित फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता) के माध्यम से कराया जाएगा। किसी मूल्यांकन गतिविधि के लिए 3 मूल्यांकन गतिविधियां हैं - पूर्व मूल्यांकन, मूल्यांकन के दौरान और मूल्यांकन के पश्चात। मूल्यांकन के लिए निर्धारित प्रणाली का प्रत्येक चरण पर पालन किया जाएगा।

एफएफएससी प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन टीम अथवा एफएफएससी द्वारा नामित किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा गुणवत्ता आश्वासन और निगरानी के नजरिए से औचक या नियोजित दौरे और जांच की जा सकती है।

प्रत्येक चरण की आवश्यकताएं और विवरण नीचे प्रदान किए गए हैं:

1. **पूर्व-मूल्यांकन**:
   क. मूल्यांकन भागीदार/असेसर(आंकलनकर्ता)/ फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता) का मान्यकरण
   ख. मूल्यांकन सेटअप/इंफ्रा के लिए प्रशिक्षण केंद्र की जांच
   ग. मूल्यांकन भागीदार/फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता) द्वारा एफएफएससी को प्रश्न पत्रों का प्रस्तुतीकरण
   घ. एफएफएससी एनओएस और पीसी के अनुरूप प्रश्न पत्रों को सत्यापित एवं अनुमोदित करता है।
   ङ. एफएफएससी संबद्धता और परियोजना मूल्यांकन अनुमोदन

च. प्रशिक्षण भागीदार या नियत निष्पक्ष मूल्यांकन केंद्र द्वारा आकलन सूचना के लिए तैयार केंद्र

2. **मूल्यांकन के दौरान (मूल्यांकन दिवस पर)**: एफएफएससी से व्यवहार्यता और अनुमोदन के आधार पर मूल्यांकन ऑफ़लाईन, ऑनलाइन या हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा सकता है। किसी भी प्रक्रिया के तहत नीचे दिए गए दिशानिर्देशों को संकलित करना महत्वपूर्ण है:
   - क. मूल्यांकन करने की विधि के अनुसार विशेष जॉब (कार्य) भूमिका के लिए लैब उपकरण की उपलब्धता की जाँच करना।
   - ख. उम्मीदवार सत्यापन: उम्मीदवारों के आधार कार्ड विवरण की पुष्टि करना।
   - ग. प्रशिक्षण अवधि की जांच करना
   - घ. दस्तावेजों में निर्दिष्ट अनुसार मूल्यांकन के प्रारंभ और समाप्ति समय की जाँच करना।
   - ङ. असेसर (आंकलनकर्ता)/फ्रीलांस असेसर (आंकलनकर्ता) हर समय मूल्यांकन दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।
   - च. मूल्यांकन गुणवत्ता आश्वासन जांच करने के लिए एफएफएससी प्रशिक्षण और मूल्यांकन मॉनिटरिंग टीम को सूचित करना।
   - छ. सुनिश्चित करें कि मूल्यांकन करने के साक्ष्य एफएफएससी प्रोटोकॉल के अनुसार एकत्र किए गए हैं:
     - i. मूल्यांकन स्थल से असेसर (आंकलनकर्ता) की टाइम-स्टैम्प्ड और जियोटैग्ड रिपोर्टिंग
     - ii. साईनबोर्ड और योजना-निर्दिष्ट ब्रांडिंग के साथ सेंटर फोटोग्राफ
     - iii. प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षुओं की बायोमेट्रिक अथवा मैनुअल उपस्थिति सूची (टी.पी. द्वारा स्टेम्प की गई)
     - iv. टाईम-स्टेम्पड और जीओटैग्ड मूल्यांकन (थ्योरी + मौखिक परीक्षा + प्रेक्टीकल) फोटोग्राफ और विडियो
   - ज. एफएफएससी को प्रस्तुत करने के लिए वांछित दस्तावेजीकरण

3. **मूल्यांकन के पश्चात**:
   - क. एफएफएससी को समय पर मूल्यांकन दस्तावेज और प्रतिक्रिया प्रस्तुत करना
   - ख. दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा हो जाती है
   - ग. मूल्यांकन के दस्तावेजों और तस्वीरों की सॉफ्ट कॉपी क्लाउड स्टोरेज से अपलोड/एक्सेस की जाती है
   - घ. मूल्यांकन के दस्तावेजों और तस्वीरों की सॉफ्ट कॉपी हार्ड ड्राइव में संग्रहीत करना
   - ङ. एफएफएससी द्वारा परिभाषित कोई अन्य अनुपालन आवश्यकताएँ

**ख.इंडस्ट्री भागीदार**:

एफएफएससी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों के मूल्यांकन का संचालन करने के लिए इंडस्ट्री भागीदारों और विषय वस्तु विशेषज्ञों को नियुक्त कर सकता है।

# संदर्भ

## शब्दावली

| पारिभाषिक शब्द | विवरण |
|---|---|
| घोषणात्मक ज्ञान | घोषणात्मक ज्ञान उन तथ्यों, अवधारणाओं और सिद्धांतों को संदर्भित करता है जिन्हें किसी कार्य को पूरा करने या किसी समस्या को हल करने के लिए जानने और/या समझने की आवश्यकता होती है। |
| मुख्य अधिगम परिणाम | मुख्य अधिगम परिणाम वह विवरण है जो एक शिक्षार्थी को जानने, समझने और करने में सक्षम होने की आवश्यकता है ताकि टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम प्राप्त किए जा सके। सीखने के प्रमुख परिणामों का एक सेट प्रशिक्षण के परिणाम को तैयार करेगा। प्रशिक्षण परिणाम ज्ञान, समझ (थ्योरी) और कौशल (प्रेक्टीकल एप्लिकेशन) के संदर्भ में निर्दिष्ट किए जाते हैं। |
| ओजेटी (एम) | जॉब पर प्रशिक्षण (अनिवार्य); प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण स्थल पर निर्दिष्ट घंटे पूरे करने आवश्यक हैं। |
| ओजेटी (आर) | जॉब पर प्रशिक्षण (अनुशंसित); प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण स्थल पर निर्दिष्ट घंटे पूरे करने आवश्यक हैं। |
| प्रक्रियात्मक ज्ञान | प्रक्रियात्मक ज्ञान यह बताता है कि किसी कार्य को कैसे करना है या किसी कार्य को कैसे पूरा करना है। यह संज्ञानात्मक, भावात्मक या साइकोमोटर कौशल को उपयोग करके एक ठोस कार्य आउटपुट को काम करने या उत्पन्न करने की क्षमता है। |
| प्रशिक्षण परिणाम | प्रशिक्षण परिणाम इस बात का विवरण है कि प्रशिक्षण पूरा होने पर एक शिक्षार्थी क्या जानेगा, समझेगा और क्या करने में सक्षम होगा। |
| टर्मिनल (अंतस्थ) परिणाम | अंतिम परिणाम इस बात का एक विवरण है कि एक सीखने वाला एक मॉड्यूल को पूरा होने पर क्या जानेगा, समझेगा और क्या करने में सक्षम होगा। टर्मिनल परिणामों का एक सैट प्रशिक्षण परिणाम प्राप्त करने में सहायता करता है। |

## लघु रूप (एक्रोनाईम्स) एवं संक्षिप्त रूप (एब्रीवेशन)

| पारिभाषिक शब्द | विवरण |
|---|---|
| क्यूपी | योग्यता पैक |
| एनएसक्यूएफ | राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क |
| एनएसक्यूसी | राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति |
| एनओएस | राष्ट्रीय व्यवसायिक मानक |
| क्यूसी | गुणवत्ता जांच |
| पीडब्ल्यूडी | दिव्यांगजन |
| टीओटी | ट्रेनर का प्रशिक्षण |
| टीओए | असेसर (आंकलनकर्ता) का प्रशिक्षण |
| एफएफएससी | फर्नीचर एण्ड फिटिंग्स स्किल काउंसिल |
| टीपी | प्रशिक्षण भागीदार |
| पीसी | निष्पादन मानदण्ड |
| एनए | लागू नहीं |
| एमएस | माईक्रोसॉफ्ट |
| पीपीई | व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण |
| 2डी | 2-आकार (डाईमेंशनल) |
| 3डी | 3-आकार (डाईमेंशनल) |
| एसओपी | मानक परिचालन प्रक्रिया |
| एआर | ऑग्मेंटेड रियलिटी |
| वीआर | वर्चुअल रियलिटी |
| ओजेटी | जॉब पर प्रशिक्षण |
| एफएफ एवं ई | फर्नीचर, फिक्चर्स और उपकरण |
| पीओसी | अनुबंध का बिंदु |
| पीओएसएच | यौन उत्पीड़न की रोकथाम |
| सीपीआर | कार्डियोपल्मनरी पुनरुत्थान |
| केआरए | प्रमुख परिणाम क्षेत्र |
| जीडी एवं टी | जीओमेट्रिक डाईमेंशनिंग एवं टोलरेंसिंग |